तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 चंडी मंदिर में माता दर्शन के लिए पहुंच रहे दूर-दूर से...



14 बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ ...



## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

# युद्ध में विजय प्राप्त करने सैनिक करते थे बिरकोनी में चंडी माता की पूजा

## कामना पूरी करती हैं बिरकोनी की मां चंडी, 1937 में हुआ था मंदिर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

युध्द में विजय प्राप्त करने के लिए सैनिक जिला मुख्यालय के लगभग 10 किमी दूरी पर स्थिति ग्राम बिरकोनी चंडी की पूजा करते थे। बता दें कि बिरकोनी का आदिकालीन चंडी माता मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है। बता दें कि वर्ष 2002 में यहां नवरात्रि मेला शुरू हुआ, जो लगातार आयोजित होता आ रहा है।

चंडी बिरकोनी के संबंध में शिक्षक पोषण दास मानिकपुरी बताते हैं कि यह प्राचीन काल से आस्था का केंद्र रहा है। पुराने समय में यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरे होने के दौरान उस समय सैनिक यहां से गुजरते थे और युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए मां चंडी की पूजा करते थे। कुछ जानकारों का मानना है कि उस समय पूरा क्षेत्र सिरपुर राज्य के अधीन था और सैनिकों का यहां से आवागमन होता था। **ग्राम देवी मानते हैं:** आसपास के ग्रामीण मां चंडी को ग्राम देवी के रूप में मानते हैं। किसी भी शुभ कार्य से पहले यहां पूजा की जाती है। गांव के लोग माता की विशेष श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं। मंदिर स्थल पर सैनिक छावनी होने के कारण यहां कई प्रकार के अवशेष भी मिले हैं। कुछ लोग मानते हैं कि यहां हाथी-घोड़े बांधे जाते थे।

### ऐसे हुआ मंदिर निर्माण

वर्ष 1937-38 में यहां मंदिर का निर्माण किया गया। बताया जाता है कि रायपुर-विजयनगर रेल मार्ग के निर्माण के दौरान बिरकोनी के समीप पत्थर की खुदाई की जा रही थी। उसी दौरान काले ग्रेनाइट पत्थर की प्रतिमा प्राप्त हुई, जिसे यहां स्थापित किया गया। इसके बाद मंदिर का निर्माण कराया गया। समय-समय पर मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया गया है।



### भक्तों का लगता है तांता

मनोकामना ज्योति कलश स्थापित की जाती है। चैत्र नवरात्रि में मां चंडी के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहता है। यहां पंडित परिवार पूजा-अर्चना की व्यवस्था करता है। मां चंडी की व्यवस्था धर्म, आस्था, कला, संस्कृति के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रकार बिरकोनी स्थित चंडी माता मंदिर आज भी क्षेत्र के लोगों की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

## समस्या : समितियों में धान डंप से बढ़ी चिंता, नुकसान की आशंका

# मिलों में जगह नहीं, संग्रहण केंद्र नहीं होने से समितियों में धान हुआ जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूरी हो चुकी है और अधिकांश किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। लेकिन, अब समितियों में धान का उठाव नही हो पाना गंभीर समस्या बनती जा रही है। समय पर उठाव नहीं होने से उपार्जन केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान अब भी पड़ा हुआ है, जिससे समितियों को आर्थिक नुकसान की आशंका है।

जानकारी के अनुसार खरीदी समाप्त होने के बाद भी कई समितियों में धान का भंडारण क्षमता से अधिक हो चुका है। खुले में रखे धान पर मौसम का असर पड़ने लगा है, जिससे गुणवत्ता खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। यदि जल्द उठाव नहीं हुआ तो खराब हुए धान की जिम्मेदारी समितियों पर आ सकती है।



### उठाव में देरी से बढ़ी परेशानी

धान उठाव नही होने का सबसे बड़ा कारण यह सामने आया है कि राइस मिलरों के पास जगह का अभाव है। वहीं संग्रहण केंद्र की बजाय सीधे मिलरों के पास धान पहुंचने की व्यवस्था के कारण समितियों में धान का उठाव नही हो पा रहा है। मिलरों द्वारा समय पर उठाव नहीं करने और परिवहन व्यवस्था में सुस्ती के चलते उपार्जन केंद्रों में धान का ढेर लगा हुआ है।

### समितियों पर बढ़ रहा दबाव

खरीदी पूरी होने के बाद समितियों की जिम्मेदारी धान के सुरक्षित भंडारण की होती है। वर्तमान स्थिति में समितियों के पास पर्याप्त संसाधन और जगह की कमी के कारण धान को सुरक्षित रखना चुनौती बन गया है। इससे समितियों को आर्थिक नुकसान और जवाबदेही का खतरा बना हुआ है।

### बारिश से खतरा

आगामी मौसम को देखते हुए स्थिति और भी चिंताजनक हो सकती है। हल्की बारिश या नमी भी धान को खराब कर सकती है, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होगी और मिलिंग में समस्या आएगी। इसका सीधा असर समितियों की वित्तीय स्थिति पर पड़ेगा।

### प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग

समिति प्रबंधकों और कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने बताया कि जल्द से जल्द धान उठाव तेज कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया तो समितियों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस प्रकार खरीदी समाप्त होने के बाद भी जिले में धान उठाव नही होने की समस्या बनी हुई है, जो अब किसानों की बजाय समितियों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गई है।

## अकीदत के साथ मनाई गई ईद ईदगाह भाठा में अदा हुई नमाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में ईद का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाया गया। गुलशन चौक स्थित ईदगाह भाठा में सुबह बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की और देश-प्रदेश में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ मांगी।

सुबह से ही ईदगाह भाठा में लोगों का आना शुरू हो गया था। नए वस्त्रों में सजे बच्चे, युवा और बुजुर्ग नमाज के लिए पहुंचे। निर्धारित समय पर इमाम द्वारा नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर के विभिन्न इलाकों में भी लोगों ने अपने परिचितों, रिश्तेदारों और दोस्तों के घर जाकर शुभकामनाएं दीं। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने बड़ों से ईदी प्राप्त कर त्योहार का आनंद लिया।

इस मौके पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और पुलिस बल की तैनाती ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में की गई थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ईद के अवसर पर कई स्थानों पर सामाजिक सौहार्द की मिसाल भी देखने को मिली, जहां विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिल-जुलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। घरों में विशेष व्यंजन, खासकर सेवइयां और मिठाइयां बनाई गईं, जिनका लोगों ने मिलकर आनंद लिया। ईद का त्योहार पारंपरिक रीति-रिवाजों और भाईचारे के माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### डंपर की टक्कर से दो युवकों की मौत

**महासमुंद।** ग्राम केंदूढार बंजारी मंदिर के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक में सवार दो युवकों की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि केंदूढार दुर्गा मंदिर के पास मेन रोड में सडक दुर्घटना से मोटर सायकल क्र. सीजी 06 जीवी 1290 को अज्ञात डंपर वाहन के द्वारा एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल चालक बिट्टू सोनी पिता राकेश सोनी (19 वर्ष) सागरपाली, बबलू मिर्धा उर्फ हराधन मिर्धा पिता घसिया मिर्धा (22 वर्ष) सागरपाली रोड में क्षत विक्षत हालत में पड़े थे। पुलिस ने मामले में सूचक की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया है।

### बाइक की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** खाना खाने के बाद टहलने गए दो लोगों को बाइक ने टक्कर मार दी। घटना में एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंगपुर का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 20 मार्च की रात में खाना खाने के पश्चात रविंद्र मिर्धा मामा लेकरू मांझी के साथ खाना खाकर बाहर पैदल टहलने गया था। इसी दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी06एचजी0489 के चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर उन दोनों को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर घायल कर दिया। रविंद्र मिर्धा के सिर एवं शरीर के अन्य भाग में चोट लगी वहीं लेकरू मांझी के पीठ एवं पैर में चोट लगी, जिन्हें सेवा भवन अस्पताल जगदीशपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने रविंद्र मिर्धा की मौत हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शहीद दिवस पर आज जिला स्तरीय पदयात्रा

**महासमुंद।** शहीद दिवस पर आज माय भारत द्वारा जिले में "माय भारत माय रिस्पांसब्लिटी" थीम के अंतर्गत जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों जैसे भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी एवं सामुदायिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्मरण को सक्रिय सहभागिता में परिवर्तित करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत माय भारत पोर्टल पर 'अनसंग हीरोज एंड फ्रीडम फाइटर्स' विषय पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता, एक युवा ऐसा भी थीम पर रील प्रतियोगिता, 22 मार्च को श्रमदान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान किये जाएंगे। पदयात्रा लगभग 2 से 4 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस दौरान युवा स्वयंसेवक तिरंगा ध्वज, कैप/बैज एवं जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर चलेंगे। यह जिला स्तरीय पदयात्रा युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक सामाजिक कार्यों की दिशा में प्रेरित करने, माय भारत के अंतर्गत स्वयंसेवक को सशक्त बनाने तथा एकता, अनुशासन एवं नागरिक चेतना का व्यापक संदेश देने का प्रयास है।

### खरोरा में शौर्य मैराथन आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में शौर्य मैराथन की तैयारी की जा रही है। 22 मार्च रविवार को शौर्य मैराथन का आयोजन देश के शहीदों के सम्मान में पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद और मनोरमा आयल प्लांट बिरकोनी द्वारा किया जा रहा है। शौर्य मैराथन सुबह 6 बजे से फारेस्ट ग्राउंड महासमुंद से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक खरोरा में समाप्त होगी। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने यह जानकारी दी।





# स्वर्णकार समाज की नगर इकाई गठित, सुझाव किए साझा

## श्रीराम के जयघोष के साथ सभा का शुभारंभ, सक्रियता का दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वर्णकार (सोनार) समाज की नगर इकाई का गठन शुक्रवार को स्थानीय स्वाध्याय भवन में हुआ। गठन के लिए आहूत सभा में शहर सहित आसपास के निवासी समाजजनों ने अपनी महती सहभागिता से सभा को सफल बनाया। बता दें कि शहर में निवासरत समाज के सभी परिवार इस सभा में आमंत्रित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान श्री राम के छायाचित्र में माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने सामाजिक एकजुटता और सहभागिता के साथ आगामी दिनों में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और आयोजनों के सुझाव साझा किए।





साथ ही सामाजिक गतिविधियों में लगातार परिवार सहित अपनी सक्रियता बनाए रखने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में शंकर लाल सोनी, मोहन लाल सोनी, मधुसूदन सोनी, सीतेश सोनी, घनश्याम सोनी, नेमीचंद सोनी, राजेश सोनी, राकेश सोनी, नरोत्तम चौधरी, महेश सोनी, कन्हैया लाल सोनी, रत्नेश सोनी, हिरेन्द्र सोनी, बसंत सोनी(बाबा), चिरंजीव सोनी, शैलेंद्र सोनी, आकाश सोनी, विक्रम सोनी, रवि सोनी, गिरीश सोनी, पल्टन सोनी, व्यासनारायण सोनी, मुरारी सोनी, भीम सोनी, राजा सोनी, गोपाल सोनी, युवराज सोनी, सीताराम सोनी, आलोक सोनी, मनोज कुमार सोनी, सूरज सोनी, हरि सोनी, रणधीर सोनी, राजेश सोनी, कल्लू सोनी, चमन सोनी, सुभाष सोनी, बहादुर सोनी, नरेश सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, ओमप्रकाश सोनी, किशोर सोनी, कृष्णा सोनी, राजेश सोनी, विक्की सोनी, सुभाष पोद्दार, अभिमन्यु सोनी, राजेश सोनी, रवि सोनी, संतोष सोनी, हेमलाल स्वर्णकार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान कर सुजीत समाज के लिए बने प्रेरणा, 57 बार किया रक्तदान

**सरायपाली।** नगर के समाजसेवी सुजीत अग्रवाल ने अब तक 57 बार रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनका यह सराहनीय कार्य न केवल जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में सहायक बना है, बल्कि समाज के लिए भी वह प्रेरणआ दायी हैं। रक्तदान के महत्व को समझते हुए सुजीत अग्रवाल पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से रक्तदान करते आ रहे हैं। उनका मानना है कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने उनके इस योगदान की सराहना करते हुए उन्हें "रक्तदाता हीरो" की संज्ञा दी है। उनका यह समर्पण युवाओं को भी रक्तदान के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### बागबाहरा ग्रामीण मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष बने मोहित साहू

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की निर्देशानुसार



भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकारिया की अनुमति से भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा व मंडल अध्यक्ष रुपेश साहू की अनुसंसा से भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल के भाजयुमो अध्यक्ष की कमान मोहित साहू को दिया गया है। मोहित साहू के अध्यक्ष बनने पर मंडल व विधानसभा के तमाम बड़े नेतागण, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त की है। प्राप्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू ने दी।

### 13 दिनों में हेलमेट पहने बिना शहर में घूम रहे 555 वाहनों चालकों पर हुआ ई-चालान

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में यातायात जागरूकता एवं जनता की सुरक्षा की दृष्टिकोण से शहर में ई - चालान की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। 8 से 20 मार्च तक कुल 555 दोपहिया वाहन चालकों पर बिना हेलमेट के वाहन चलाते पाए जाने पर ई चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि गलत नंबर प्लेट वाले 13 वाहनों को एआई ने ट्रेस किया है। आगामी दिनों में नंबर प्लेट संबंधी फर्जी कार्य एवं इस्तेमाल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया जाएगा।

### ऑनलाइन जुआ खेलने वाले दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ऑनलाइन जुआ खेल रहे डेली नीड्स संचालक और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि भंवरपुर चौक स्थित श्री डेली नीड्स दुकान में दुकान संचालक व एक अन्य व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दुकान संचालक संपत बारीक पिता दंडधर बारीक (38 साल) ग्राम पौंसरा व चंद्रध्वज बारीक पिता विसंभर बारीक (48 साल) ग्राम मेमरा थाना पिथौरा के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपियों के विरूद्ध के छग राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

महासमुंद। ग्राम लिमदरहा रोड किनारे महुआ पेड के पास पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया। बसना पुलिस ने आरोपी अजित कुमार बरिहा पिता समारू बरिहा (28 वर्ष) लिमदरहा के कब्जे से कुल 07 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

---

**त्योहार : लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी**

# भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया ईद-उल-फितर का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



रमजान के पाक महीने के समापन के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार नगर सहित पूरे अंचल में मुस्लिम समुदाय द्वारा बड़े ही उल्लास, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह ईदगाह में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने एकत्रित होकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियों का इजहार किया।

स्थानीय जामा मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद सज्जादु कादरी ने अपने बयान में कहा कि ईद का असली संदेश गरीबों, यतीमों, बेवाओं और जरूरतमंदों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि "सबकी खुशी में ही अपनी खुशी तलाश करना ही सच्ची ईद है।" उन्होंने पैगम्बर साहब के संदेश को याद करते हुए समाज में प्रेम, भाईचारा और आपसी सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

नमाज के पश्चात देश और प्रदेश में अमन, शांति, तरक्की और भाईचारे के लिए विशेष दुआएं की गईं। ईद के अवसर पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग नए वस्त्रों में सजे-धजे ईदगाह पहुंचे। इसके बाद लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम परिजनों के लिए मगफिरत की दुआएं भी मांगी। यह पर्व "मीठी ईद" के रूप में भी प्रसिद्ध है। इससे पूर्व पूरे रमजान माह में मस्जिदों में नमाज-ए-तरावीह का आयोजन किया गया, जिसमें हाफिज फैज़ान रज़ा (मधुबनी, बिहार) द्वारा कुरआन शरीफ का पाठ कराया गया। रमजान के अंतिम दस दिनों में स्थानीय युवाओं सोहेल अली, आशिक अली, अकरम अली एवं अब्दुल करीम ने इत्तेफाक में बैठकर नगर एवं क्षेत्र की खुशहाली, अमन और भाईचारे के लिए विशेष इबादत की।

**पुलिस प्रशासन का जताया आभार:** ईद के इस अवसर पर मुत्तवल्ली सयद हुसैन, हाजी अनवर खान, हाजी मस्तान खान, मोहम्मद रमजान खान,हाजी ज़ाकिर कुरैशी, मुनीर खान, सहमान खान, अमजद खान, हमीश रिजवी, हैदर खान, सलीम खान, एजाज खान, उमर हसन सहित इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने समस्त मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया।

## छग कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026 सर्वसम्मति से पारितः अलका

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में विष्णुदेव साय सरकार द्वारा भर्ती और व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों (नकल) की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक 2026 और छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक 2026 को सर्व सम्मति से पारित किए जाने का स्वागत करते हुए खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ भाजपा नेत्री अल्का चंद्राकर (स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार) ने प्रदेश की सुशासन सरकार के प्रति आभार प्रकट किये हैं।



अल्का चंद्राकर ने कहा कि इन विधेयकों के पारित होने से प्रदेश के युवाओं के भविष्य को संवारने एवं युवाओं के सशक्तिकरण को बल मिलेगी। राज्य में परीक्षा संबंधी अनियमितताओं की रोकथाम सुनिश्चित होगी। जिससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। यह कानून छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, व्यापमं एवं विभागीय परीक्षाओं पर भी लागू रहेगी। विधेयक की विस्तृत जानकारी देते हुए चंद्राकर ने आगे बताया कि इस कानून के माध्यम से परीक्षा माफियाओं के विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। जिसमें परीक्षा माफियाओं के ऊपर पेपर लीक, नकल एवं तकनीकी धोखाधड़ी करने पर 3 से 10 वर्ष तक का कारावास और 10 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान की गयी है। अगर किसी समुह या गिरोह द्वारा संगठित अपराध की स्थिति में 1 करोड़ रुपये तक जुर्माना का कड़ा प्रावधान भी रहेगी। और उस दोषी संस्था या गिरोह की संपत्ति कुर्क या ज़ब्त करने के भी प्रावधान किए गए हैं। इस नए कानून के माध्यम से प्रदेश मे छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की स्थापना की जाएगी, जो तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती प्रक्रिया को एकीकृत, पारदर्शी और समयबद्ध बनाएगी। चंद्राकर ने बताया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान पीएससी परीक्षाओं की भर्तियों में हुए घोटालों से प्रदेश के युवाओं के मन में एक भय का वातावरण बनी थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नए कानून बनाकर दूर करने का कार्य किए हैं।

# सरायपाली से गढ़फुलझर के लिए निकलेगी आज पूजा रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

श्री रणेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए भव्य पूजा रथ यात्रा 22 मार्च को सरायपाली से गढ़फुलझर तक निकलेगी। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल होंगे। पूजा रथ यात्रा निकालने की जिम्मेदारी सरायपाली आंचलिक सभा को मिली है। जिसके लिए पूरा सरायपाली अंचल के बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज गढ़ फुलझर में आयोजित श्री रणेश्वर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर उत्साहित है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन सामग्री पुरी से लाकर एक रथ के माध्यम से 22 मार्च को सरायपाली से गढ़ फुलझर तक भव्य पूजा रथ यात्रा एवं शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकलेगी।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस रथ यात्रा के दौरान धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यात्रा में सरायपाली आंचलिक सभा में सम्मिलित झिलमिला, तोरेसिंहा, कुसमीसराल, भोथलडीह, बारडोली, पुटका, चारभाठा, बांझापाली, रोहिना एवं हरदी शाखा सभा के विभिन्न गांवों से समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। रथयात्रा के माध्यम से भगवान श्री रणेश्वर बाबा एवं माँ रामचंडी के प्रति श्रद्धा और भक्ति प्रकट करते हुए पूरे अंचल में आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 22 मार्च को प्रातः 11 बजे नई मंडी सरायपाली में समाज के लोग एकत्रित होंगे। दोपहर 12 बजे भोजन पश्चात रथ यात्रा की तैयारी, सजावट एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। तत्पश्चात करीब 2 बजे पूजा रथ के साथ भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी जो निर्धारित मार्ग से होते हुए गढ़फुलझर पहुंचेगी। इस रथ यात्रा में पूजा रथ, शिव झांकी, जुगार रथ, नारियल रथ सहित घंट पार्टी, सबरदा पार्टी, निशान बाजा, करमा नृत्य एवं कीर्तन मंडली आकर्षक का मुख्य केंद्र होगा। रथ यात्रा नई मंडी से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, बस स्टैंड, घंटेश्वरी मंदिर, तोरेसिंहा, गोहेरापाली एवं तोषगांव होते हुए गढ़फुलझर पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा एवं सेवा कार्य किए जाने की भी तैयारियां की जा रही हैं। आंचलिक सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है। रथ यात्रा में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक जन शामिल होकर इस रथ यात्रा को ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनाने की अपील आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष जयंत बारीक, सचिव भूपेंद्र भोई, सहसचिव हिमांशु प्रधान, कोषाध्यक्ष गणेश साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सूर्यकांत बारीक, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवराज बारीक, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरोत्तम बारीक तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुजाता साहू सहित सभी शाखा सभा सभापतियों देवार्चन प्रधान, सुरेंद्र साहू, वृंदावन साहू, विश्वामित्र साहू, घुराउ नायक, सत्यानंद प्रधान, कुलमणि बारीक, गोपाल प्रधान, पंकज, गोपाल साहू एवं मिडिया प्रभारी कमलेश साहू द्वारा की गई है।

### चार दिशाओं से निकलेगी चार रथ यात्रा

गढ़फुलझर में नवनिर्मित रणेश्वर मंदिर की बहु प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 22 मार्च को प्रारंभ होने जा रहा है। चारों दिशाओं से चार रथ यात्राएं बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू के मार्गदर्शन में निकलेगी, जो इस समारोह का भव्य एवं आकर्षक बनाएगी। रथ यात्रा को लेकर समाज द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है तथा इन रथ यात्राओं को लेकर लोगों में बड़ी उत्सुकता है। मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता कमलेश साहू ने बताया कि पूर्व दिशा से पूजा रथ यात्रा सरायपाली आंचलिक अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में नई मंडी प्रांगण से निकलेगी। जहां से नगर भ्रमण करते हुए जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, घटेश्वरी मंदिर, तोरेसिंहा, गोहेरापाली, तोषगांव होते हुए गढ़फूलझर पहुंचेगी। ध्वजा रथ यात्रा पश्चिम दिशा से पिथौरा आंचलिक अध्यक्ष षड़ानन भोई एवं रायपुर आंचलिक अध्यक्ष राधेश्याम प्रधान के नेतृत्व में थानेश्वर मंदिर पिथौरा से नगर भ्रमण करते हुए बल्दीडीह, सांकरा, साल्हेतराई, बसना होते हुए गढ़फुलझर पहुंचेगी। उज्जैन से लाया गया ध्वज एवं कपासीरा से पहुंचा शिखर कलश को रथ यात्रा के माध्यम से गाजे बाजे के साथ पहुंचाया जाएगा। रथ को 12 ज्योतिर्लिंग की आकर्षक झांकी के माध्यम से सजाया जाएगा। तीसरी रथ यात्रा उत्तर दिशा से बसना आंचलिक अध्यक्ष भोजराज प्रधान के नेतृत्व में ग्राम बम्हनी से मूर्ति लेकर निकलेगी। जहां से पथरला, झगरेनडीह, जीराडबरी, बसना होते हुए गढ़फुलझर पहुंचेगी। चौथी कलश रथ यात्रा कुलकार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण भोई के नेतृत्व में दक्षिण दिशा से प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नरसिंहनाथ से जल लेकर निकलेगी। नरसिंहनाथ से बैदपाली, झारबंद, लउड़ीदरहा, होते हुए गढ़ फूलझर पहुंचेगी। पूजा पाठ के साथ विधिवत प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ होगा जो 23 से 27 मार्च तक चलेगा। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगी।

# धर्मांतरण के धंधे पर प्रभावी रोक लगाने लाया गया ऐतिहासिक कानून : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत "धर्मांतरण स्वातंत्र्य विधेयक 2026" का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह कानून राज्य में लंबे समय से चल रही गलत तरीके से धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सनातनियों के लंबे समय से मांग थी कि धर्मांतरण विरोधी कानून प्रदेश में लागू हो। बहुसंख्यकों की भावनाओं को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में यह ऐतिहासिक निर्णय धर्मांतरण के धंधे पर सुशासन का ताला सिद्ध होगा।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के विशेषकर वनांचल एवं गरीब बस्तियों में रहने वाले भोले-भाले लोगों को प्रलोभन, दबाव एवं गुमराह कर धर्मांतरण कराने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इस नए कानून के लागू होने से ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई संभव होगी और समाज में शांति एवं सद्भाव बना रहेगा। उन्होंने बताया कि विधेयक में धर्मांतरण से संबंधित कड़े प्रावधान किए गए हैं, जिनमें बल, प्रलोभन, कपट या दबाव से धर्मांतरण कराना दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। ऐसे मामलों में 7 से 10 साल तक की सजा एवं 5 लाख रु. तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। महिला, नाबालिग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के धर्मांतरण के मामलों में और अधिक कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। देवेंद्र ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में धर्मांतरण का धन्धा छत्तीसगढ़ में भरपूर फला-फूला। तब धर्मांतरण कराने वाले लोगों के हौसले बुलंद थे वे खुलेआम कहते थे कि धर्मांतरण उनका अधिकार है। छत्तीसगढ़ में हर तरफ विशेषकर



आदिवासी जनजातीय क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में धर्मांतरण तेजी से बढ़ता रहा। भाजपा सरकार द्वारा लाया गया धर्म स्वातंत्र्य विधेयक की अवैध धर्मांतरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। साथ ही वो लोग जो जबरदस्ती, डर व लालच देकर धर्मांतरण कराते थे। उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी। जिससे अवैध धर्मांतरण में नकेल कसी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्र में तत्कालिक कांग्रेस सरकार ने जिस प्रकार से नारायणपुर में पास्टर, पादरी एवं अवैध धर्मांतरित लोगों ने 400-500 की संख्या में एकत्रित होकर न केवल आदिवासी समाज के लोगों पर धारदार हथियार, लाठी-डण्डा से वार किया। अपितु मौके पर पहुंची पुलिस पर भी घातक रूप से हमला किया। इस घटना के खिलाफ आदिवासी समाज द्वारा कार्रवाई करने की मांग पर तत्कालिक भूपेश सरकार की मंशा के अनुरूप आदिवासी समाज के ही मुखिया, आदिवासियों एवं सनातन धर्म को मानने वाले लोगों पर झूठे व गंभीर धाराएं लगाकर जबरन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 2018 के बाद से 2023 तक छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का धन्धा करने वालों को तत्कालिक कांग्रेस सरकार ने पूर्ण संरक्षण दे रखा था। अब सुशासन की सरकार में "धर्मांतरण स्वातंत्र्य विधेयक 2026" के लागू होने के बाद धर्मांतरण का धंधा ना केवल बंद होगा, अपितु धर्मांतरित लोगों को पुनः मूल धर्म में वापसी का मार्ग प्रशस्त होगा।

### अवैध धर्मांतरण पर लगेगी लगाम, कमजोर वर्गों को मिलेगा विशेष संरक्षणः मनमीत



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 को सामाजिक संतुलन, धार्मिक स्वतंत्रता और जनसुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल बताया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनमीत सिंह छाबड़ा ने इस विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए ने कहा कि लंबे समय से प्रदेश में अवैध धर्मांतरण को लेकर विभिन्न वर्गों में चिंता बनी हुई थी। ऐसे में सरकार द्वारा लाया गया यह विधेयक जनभावनाओं के अनुरूप है और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने सामूहिक धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग के माध्यम से संचालित संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण के प्रावधानों की भी सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता को बनाए रखने में सहायक होगा। अंत में छाबड़ा ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का यह निर्णय प्रदेश में शांति, सौहार्द और कानून के शासन को और सुदृढ़ करेगा। साथ ही "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" की भावना को मजबूती देगा।

# निगम के नेता प्रतिपक्ष ने सुनी पीएम आवास के हितग्राहियों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से नगर निगम मुख्यालय में चंगोराभाठा क्षेत्र की डॉ. सुभाषिनी ऋषि देवांगन के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के परेशान हितग्राहियों ने मुलाकात कर अपनी समस्या बताई, जिन्हें विगत 6 माह से किस्तों के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। अपनी परेशानियों से अवगत करने शुक्रवार को चंगोराभाठा के ओमप्रकाश ठाकुर, पिंकी देवांगन, जमुना साहू, अंजनी भोई, रामतुल्ला पाल, नंद पाल, उमा विश्वकर्मा, निर्मला साहू समेत अन्य हितग्राही नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से मुलाकात करने पहुंचे और अपनी वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि विगत 5 से 6 माह से लगातार परेशान हैं। किसी ने अपनी पत्नी के जेवर गिरवी रख दिए, जिसका लगातार ब्याज भरना पड़ रहा है तो किसी ने रिश्तेदार से उधार लिए हैं, जिसे वापस करने में दिक्कत हो रही। वहीं आसपास के लोगों से पैसे लेकर मकान बनाने का सपना देखा था, किंतु सपना साकार होने की जगह परेशानी का सबब बन रहा है। श्री तिवारी ने तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य देख रहे अधिकारी अमित बोस को बुलवाकर उक्त हितग्राहियों को हो रही परेशानी के बारे में बताया, जिस पर श्री बोस ने नई जानकारी बताई कि विगत छह माह पहले एक आदेश निकला है, जिस में प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा अब सीधे केंद्र सरकार हितग्राहियों के अकाउंट में किस्त में ट्रांसफर करेगी, जबकि इसके पूर्व में राज्य सरकार सूडा के माध्यम से नगर निगम द्वारा पैसे किस्त के रूप में हितग्राहियों को भेजती थी।

# छत्तीसगढ़ में देशी-अंग्रेजी शराब के लिए आए रेट ऑफर अब कंपनियों से मोल-भाव के बाद तय होंगी नई कीमतें

- कीमत बढ़ेगी या नहीं, अब होगा ये फैसला
- हर बोतल के ढक्कन पर सीजी एक्साइज लिखा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में देशी, अंग्रेजी और विदेशी शराब बेचने की इच्छुक कंपनियों से सरकार ने उनके अलग-अलग ब्रांड के लिए रेट ऑफर आमंत्रित किए थे, बड़ी संख्या में शराब निर्माता कंपनियों ने सरकार को रेट ऑफर कर दिया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार अब हर ब्रांड के लिए आबकारी प्रशासन कंपनियों से मोल-भाव (निगोसिएशन) करेगा। इसके बाद अंतिम रूप से रेट तय होंगे।

राज्य में 1 अप्रैल से शराब के कारोबार का नया वित्तीय वर्ष शुरु होने वाला है। इससे पहले आबकारी विभाग शराब निर्माता कंपनियों से उनके ब्रांड के रेट बुलवाएं हैं। इन रेट पर मोल-भाव होने के बाद ये साफ होगा कि 1 अप्रैल से बिकने वाली शराब की हर बोतल का रेट क्या होगा। लिहाजा अभी ये साफ नहीं है कि नए रेट क्या होंगे। ये संभव है कि नए रेट बढ़कर सामने आएं या कंपनियों की प्रतिस्पर्धा के कारण रेट का ऑफर ही कम आएगा तो रेट कम भी हो सकते हैं।

### शर्तों में किए गए हैं बदलाव

आबकारी विभाग ने 24-25 फरवरी को रेट आफर का टेंडर जारी किया था। इसमें जो शर्तें रखी गईं थी, उसमें कुछ बदलाव भी किए गए हैं। ये देशी-अंग्रेजी और विदेशी शराब के संबंध में अलग-अलग हैं। एक संशोधन में देशी शराब के संबंध में कहा गया है कि कंपनी या फर्म आदि के दस्तावेज स्थिति में वर्ष भर के दौरान होने वाला कोई भी बदलाव, जिसके परिणामस्वरूप कोई संशोधन होता है, उस पर विचार तभी किया जाएगा जब संशोधन शुल्क के रूप में प्रति आवेदन 50 हजार रुपये की राशि केवल ई-चालान के माध्यम से जमा कर दी जाएगी। हालांकि, एक बार निर्धारित (कोट की गई) लैंडिंग कीमत में वर्ष भर के दौरान कोई भी बदलाव स्वीकार्य नहीं होगा।



### फाइबर की बोतल पर प्लास्टिक का ढक्कन

राज्य सरकार पहले ही निर्णय ले चुकी है कि 1 अप्रैल से शराब की बिक्री फाइबर की बोतल में होगी। यह अनिवार्यता देशी और अंग्रेजी शराब के लिए होगी। हालांकि अंग्रेजी और विदेशी के लिए कांच की बोतल में भी बेचने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन इससे अलग अब रेट ऑफर की शर्तों में बदलाव के बाद ये जोड़ा गया है कि बोतल की सीलिंग कैप प्लास्टिक की होनी चाहिए। सीलिंग कैप के ऊपरी हिस्से पर अंग्रेजी में सीजी एक्साइज उभरा हुआ होना चाहिए।

### *रेट सबसे कम होना चाहिए*

*रेट आफर संशोधन में यह भी शामिल है कि छत्तीसगढ़ के लिए किसी भी नए लेबल के लिए कोट किया गया इडीपी- इएफपी पूरे भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में अप्रूव्ड इडीपी-इएफपी में सबसे कम होना चाहिए। अंग्रेजी- विदेशी शराब के संबंध में बदलाव किया गया है कि ऑफर के साथ रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर 1 लाख रुपए के ई-चालान की स्कैन की हुई कॉपी होनी चाहिए। कंपनी,फर्म,वगैरह के डॉक्यूमेंट या स्टेटस में कोई भी बदलाव, जिससे साल भर में कोई मॉडिफिकेशन होता है, उस पर हर एप्लीकेशन के लिए मॉडिफिकेशन फीस के तौर पर 50 हजार रुपये जमा करने के बाद विचार किया जाएगा। हालांकि, पूरे साल लैंडिंग प्राइस में कोई मॉडिफिकेशन नहीं किया जा सकेगा।*

# कॉल सेंटर की आड़ में ठगी की दुकान तीन शातिर गाजियाबाद से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फर्जी कॉल सेंटर की आड़ में देशभर के अलग-अलग बीमा कंपनियों के पॉलिसीधारकों को बीमा की मैच्योरिटी राशि की रकम दिलाने का झांसा देकर ठगी का नेटवर्क चलाने वाले तीन अंतर्राज्यीय जालसाजों को एसीसीयू की टीम ने उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने मुजगहन थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को उसकी बीमा राशि की मैच्युरिटी राशि दिलाने के नाम पर 9.60 लाख रुपए की पिछले वर्ष ठगी की थी। ठगी के आरोप में पुलिस ने अनिल कुमार, अजय तिवारी और रिंकू सिंह को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने कांदुल निवासी परमजीत सिंह चड्ढा के साथ ठगी की थी। जालसाज मोबाइल एप के माध्यम से आवाज टेंपर कर लोगों से बात करते थे। परमजीत सिंह ने थाने में अज्ञात लोगों के



खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार परजीत सिंह के पास किसी अनिरुद्ध चौधरी नामक व्यक्ति ने कॉल किया था। कॉल पर उस अज्ञात व्यक्ति ने परमजीत सिंह को बताया था कि उसके नाम से डीबीटी भारत बैंक में 98 लाख 64 हजार रुपए की बीमा पॉलिसी मैच्योर हो गई है। नॉमिनी होने के नाते अज्ञात ने परमजीत को मैच्युरिटी राशि उसके अकाउंट में ट्रांसफर करने का झांसा दिया।

## खबर संक्षेप

### किसानों के अधिकारों के समाधान का सुनहरा अवसर राजस्व पखवाड़ा

**महासमुंद।** राजस्व पखवाड़ा 2026 छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए, उनके अधिकारों, भूमि संबंधी विवादों और रिकॉर्ड सुधारों के समाधान के लिए सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए चलाई जा रही है। जिसमें किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश कार्यकारनी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने किसानों से इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। ग्राम स्तर पर आयोजित शिविरों में किसान अपने लंबित राजस्व मामलों (नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन) का निराकरण कराकर और भूमि रिकॉर्ड शुद्ध कर सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर सकते हैं।

### डॉ यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**सरायपाली।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नरेश चंद्र सिंह के सलाहकार स्व. रुद्रशरण पुजारी यादव के ज्येष्ठ पुत्र डॉ डीएन पुजारी यादव



सारंगढ़ जिला संयोजक अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के निधन पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव, राष्ट्रीय सचिव इंजिनियर एसडी यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, महासमुन्द जिला संरक्षक मनोरथ लाल यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, जिला अध्यक्ष विनोद यादव, कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉ पवन कुमार यादव, डॉ प्रवेश राजमहल सारंगढ़, राजेंद्र यादव जिला अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा सारंगढ़, अमूल कानूनगो, सुनील यादव, राजू राय सिंग, जयराम, हरीश, अर्जुन, जीवन, खलील, गोलू, नरेंद्र, मन्नू लाल, दीपचंद सिंह , सरायपाली से राजेंद्र कुमार यादव राजू, मयंक यादव मोंटी, सारंगढ़ से अंजन, पुंटु पुजारी यादव एवं सारंगढ़, सरायपाली, सक्ति, रायगढ़, तारापुर, राजमहल के सदस्यों ने भी डॉ यादव के निधन पर शोक जताया।

### एमसीएच कालीबाड़ी में एचपीवी वैक्सीनेशन की सुविधा

**रायपुर।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को एचपीवी वैक्सीनेशन की सुविधा कालीबाड़ी के मातृ एवंश शिशु चिकित्सालय में प्रदान की जा रही है।राज्य शासन के निर्देश पर राज्य के तमाम जिला अस्पतालों में टीकाकरण किया जा रहा है। ओपीडी यानी सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक कोई भी पहचान पत्र के आधार पर 14 से 15 साल के बीच की किशोरियों को यह सुविधा दी जा रही है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि यहवैक्सीन से किशोरियों को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस से सुरक्षा प्राप्त होगी, ये वायरस जानलेवा गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर करता है।

### नवरात्र पर्व में माता आराधना के साथ हो रहे भजन कीर्तन

# माता की भक्ति में डूबे व्रतधारी मंदिरों में सेवागीत की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

चैत्र नवरात्र पर्व में मां की भक्ति में श्रध्दालु डूबा है। सुबह-शाम देवी मंदिर में आराधना की जा रही है। प्रतिदिन पर्व को लेकर भजन कीर्तन, जसगीत, सेवागीत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के गांव में भी ज्योत जंवारा का आयोजन कई घरों में किया गया है। नवरात्र की भक्ति में लोग उत्साह में है। प्रत्येक गांव के कुल देवी मंदिरों में जसगीतों का धूम मची हुई है। शाम और रात्रि कार्यक्रम झांकी की प्रस्तुति से श्रद्धालु की उत्साह बड़ रहा है। वही शाम होते ही मंदिरों में मांदर की थापों के साथ जसगीत गायन व भजन-कीर्तन की गूंज प्रस्तुत हो रहे है। बाजार चौक स्थित दुर्गा मंदिर में वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की जा रही है। शक्ति मंदिर में माथा टेककर भक्त गुजर रहे है। वहीं श्रद्धालुओं ने नौ दिवसीय व्रत रखा है व पारिवारिक सुख समृद्धि की कामनाएं की है।









#### मौली माता मंदिर में 26 ज्योति कलश प्रज्वलित

श्रद्धा एवं आस्था का नवरात्र पर्व पर मौली माता मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। चैत्र नवरात्र पर्व के इस मौके पर भक्तों में अपार उत्साह नजर आ रहा है। जिससे नवरात्र पर्व की धूम है। नवरात्र पर्व पर आद्योगिक क्षेत्र स्थित मौली माता मंदिर में विशेष माता श्रृंगार, पूजा आरती का विशेष आयोजन किया गया।वही नवरात्र के प्रथम दिवस मौली देवी मंदिर में शक्ति भक्ति आराधना का पर्व के अवसर पर शुभ मुहूर्त में ज्वांरा व मनोकामना ज्योति 26 प्रज्वलित किया गया। नवरात्र में नौ दिनों के नौ स्वरूपों में शैलपुत्री की प्रथम दिन पूजा अर्चना की गई। इसी प्रकार ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री देवी की पूजा की जाएगी। नवरात्र में श्रद्धालु नौ दिनों तक उपवास रहकर मां जगत जननी की पूरी श्रद्धा से पूजा शुरू कर दिए हैं। प्रतिदिन विभिन्न टोली जसगीत व सेवा गीत की प्रस्तुति दे रहे है। पंचमी तिथि से अष्टमी तिथि तक दोपहर 1 बजे से सांध्य 6 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हुए है। अष्टमी तिथि को माता श्रृंगार पूर्णाहुति की जाएगी।

#### खल्लारी मंदिर में श्रद्धालु सुबह शाम जुटे

ग्राम स्थित खल्लारी मंदिर में माता के 17 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया है। भक्तों की आस्था से जुडी सेवा मंडलियों द्वारा शाम 7 बजे पूजा आरती के बाद जसगीत भजन कीर्तन प्रस्तुत की जाती है। जिसमें भक्तों का प्रथम दिन सुबह से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सभी वार्डवासी महाआरती में शामिल होकर माता के गुणगान कर रहे है। अष्टमी हवन पूर्णाहुति के बाद नौ कन्या श्रृंगार , पूजन के बाद नौ कन्या भोज कराया जाएगा।

#### शीतला मंदिर में हवन पूजा के बाद भोग भंडारा

छोटे तालाब स्थित मां शीतला मंदिर में गुरुवार अष्टमी तिथि को माता पूजा हवन पूर्णाहूती के बाद दोपहर 1 बजे महाप्रसादी भोग भंडारा का आयोजन किया गया है। यहां प्रत्येक साल जवारा व ज्योति कलश प्रज्वलित की जाती है जिसकी संख्या बढ़ते क्रम में है। अभी 81 ज्योति कलश प्रज्वलित की है। समिति के सदस्य श्रद्धालुओं को भंडारा में उपस्थित होने की अपील की है।

#### मां महामाया मंदिर में अष्टमी को महाप्रसादी

बड़े तालाब स्थित मां महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा 23 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की है। जहां जसगीत सेवा मंडलियों द्वारा प्रतिदिन सेवा-भजन किया जा रहा है। दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यहां श्रृंगार भेंट कर माता के चरणों में श्रद्धालु शीश झुकाकर मनोकामनाएं मांग रहे है। अष्टमी तिथि गुरुवार को महागौरी पूजन व हवन पूजा के बाद मंदिर परिसर में नौ देवी स्वरूपी बालिकाओं को महाआरती के बाद भोग कराया जाएगा। व्रतधारी भक्त घरों में पूजा अर्चना कर,आंगन में सुबह शाम रंग रोगन कर दीप जला रहे हैं। क्षेत्र में नवरात्रि श्रद्धा और भक्ति भरे माहौल में मनाया जा रहा है।

# गैस की किल्लत, आप ने निकाली विरोध स्तरीय गैस सिलेंडर शव यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना/महासमुंद

आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में गहराते रसोई गैस संकट, कमर्शियल सिलेंडर की कमी और उससे प्रभावित आम जनजीवन व उद्योगों को लेकर गोपाल वैष्णव जिला उपाध्यक्ष, भुनेश्वर साहू विधानसभा प्रभारी एवं खिरोद पटेल यूथ विंग जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में गैस सिलेंडर की शव यात्रा निकाली गई, जो बसना शहीद वीर नारायण चौक से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एसडीएम हरिशंकर पैकरा को कलेक्टर महासमुंद एवं पेट्रोलियम मंत्री हरदीपसिंह पुरी के नाम से ज्ञापन सौंपा।

आप नेता गोपाल वैष्णव ने सरकार के गैस की कोई कमी नहीं वाले दावों को सिरे से खारिज करते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देशभर में गैस संकट के हालात सरकार की विफल नीतियों का परिणाम हैं। जब सरकार खुद दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, तो फिर आम जनता को सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़ा होना पड़ रहा है? प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की गारंटी पूरी तरह फेल हो चुकी है। आज आम आदमी को घरेलू गैस सिलेंडर तक समय पर नहीं मिल पा रहा है। ऊपर से घरेलू सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल सिलेंडर पर 115 रुपए की बढ़ोतरी ने लोगों की कमर तोड़ दी है।

जिलाध्यक्ष यूथ खिरोद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा केंद्र की ग़लत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ की जनता रसोई गैस (एलपीजी) और कमर्शियल गैस की अनियमित एवं अपर्याप्त आपूर्ति की गंभीर समस्या का सामना कर रही हैं। वर्तमान स्थिति में गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आम नागरिकों का दैनिक जीवन अत्यंत प्रभावित हो रहा है। कमर्शियल गैस की आपूर्ति न होने से बाहर से आने वाले लोगों को होटल रेस्टोरेंट खाना नहीं मिल पा रहा है और जहां मिल रहा है वहां महंगा मिल रहा है। होटल रेस्टोरेंट वालों का भी जीवनयापन कठिन हो गया है। विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर साहू ने कहा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को इस समस्या से अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार गैस एजेंसियों में संपर्क करने पर भी संतोषजनक समाधान नहीं मिल पा रहा है। यदि गैस की किल्लत नहीं है तो ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन की रिफिलिंग समय सीमा क्यों तय की गई है?

आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ में संबंधित विभाग और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करें तथा गैस की कालाबाज़ारी पर रोक लगावें और छत्तीसगढ़ में रसोई गैस की नियमित, पारदर्शी एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने का सहयोग करें। साथ ही, गैस वितरण प्रणाली की निगरानी को सुदृढ़ करने एवं शिकायतों के त्वरित निवारण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। अन्यथा आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में आम जनता के साथ इससे भी बड़ा व्यापक जन आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी की ओर से हेमसागर प्रधान, जय प्रकाश मिश्रा, इरफान इल्लु, एम डी सागर, महेश कर्ष, माधव सोना, देवानंद मिर्धा, घनश्याम बाघ, कृतराम अजय,पद्मा कोड़ाकू, मीना यादव, कल्पना यादव, हीरा यादव, लल्लू पाव, गुणसागर चौहान, आनंद राम यादव, अजय पटेल, दीनू साहू आदि मौजूद रहे।

### शोभायात्रा का नेहरू चौक पर किया स्वागत



**महासमुंद।** सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की जयंती ( चेट्रीचंड्र महोत्सव) पर निकाली गई शोभायात्रा का पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर नेहरु चौक पर स्वागत किया। झूलेलाल जयंती की बधाई देते हुए पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि झूलेलाल केवल सिंधी समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए जल और ज्योति के आराध्य देव हैं, जिन्होंने धर्म की रक्षा और समाज में समरसता का संदेश दिया। डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि आयो लाल झूलेलाल के जयकारों से गूंजायमान यह उत्सव हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है और भगवान वरुण देव का यह अवतार हमें सदैव सत्य और परोपकार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा नेता महेंद्र जैन, कौशल्या बंसल, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, राकेश सचदेव, पार्षद माखन पटेल, पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, महेंद्र सिक्का सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# कोरोना, नोटबंदी के बाद अब गैस के लिए की लाइन लगी देश की जनता: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि अमेरिका इजराइल ने मिलकर जब से ईरान पर 22 दिन पहले से हमला किया है तभी से हमारे देश में भी पेट्रोलियम उत्पादों को लेकर कोहराम मच रहा है। कच्चे तेलों के भाव जब बहुत कम थे तब भी और अब बढ़ रहे हैं तब भी भाजपा सरकार ने कोई राहत नहीं दी बल्कि, रसोई गैस की कीमत 60 रुपए, कमर्शियल गैस की कीमत 115 रुपए और प्रीमियम पेट्रोल 2 रुपए लीटर और इंडस्ट्रियल डीजल 22 रुपए लीटर बढ़ा दिया गया। और अगर आंकड़ों का सच जानें तो केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों से 2014 के बाद से लगभग 30 लाख करोड़ की कमाई की है।



केंद्र सरकार ने युद्ध शुरू होने के बाद 8 मार्च को सभी रिफाइनरी को मैक्सिमम प्रोडक्शन शुरू करने कहा, 9 मार्च को कमर्शियल एलपीजी सप्लाई पर 20 प्रतिशत की ही सप्लाई का आदेश दिया, रसोई गैस सप्लाई नियमों में परिवर्तन कर शहर में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रो का बढ़ा के 45 दिन कर दिया। और तो और होटलों 1 महीने के लिए बायो फ्यूल और कोयला जलाने की छूट दी। अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने की अनुमति दे दी। अंकित ने बताया कि भारत देश में वर्तमान में गैस की सालाना खपत 3.1 मीट्रिक टन है जिसमें से 60 प्रतिशत कच्चा माल देश के बाहर से आता है और इसका 90 प्रतिशत हिस्सा स्ट्रेट ऑफ होरमुस से आता है। और भारत में कोई स्ट्रेटेजिक रिजर्व नहीं है। सब रियल टाइम इम्पोर्ट पर चल रहा है। सबसे बड़ी बात की हाल ही में दो जहाज नंदादेवी और शिवालिक से जो कुल 92 हजार 700 टन एलपीजी ले के आया जो कि भारत की खपत का 1 दिन की पूर्ति कर पाने में सक्षम है। आज हालात ये हैं कि बरनाला में 62 वर्षीय भूषण कुमार, फर्रुखाबाद में 75 वर्षीय मुख्तार अंसारी की गैस की लाइन में मृत्यु हो गयी। मध्यप्रदेश और गुड़गांव में ऑनलाइन बुकिंग फेल हो रही है। महाराष्ट्र में गैस सप्लाई को सुरक्षा देनी पड़ रही है, महाराजगंज उत्तरप्रदेश में 76 सिलेंडर चोरी हो गए,देहरादून के बसंत विहार में एलपीजी गैस से भरी ट्रक रोक ली गयी। आज देश में इंडक्शन चूल्हे की कीमतें बढ़ गयी है, और सिर्फ अमेज़न में ही इंडक्शन चुल्हा की सेल 30 गुना बढ़ गई है। सरकार अभी से बोलने में लगी है और अपनी जिम्मेदारी से बचने झोला उठाके भागने को तैयार होकर कह रही है कि जनता वैकल्पिक ईंधन के विकल्पों पर भी विचार करे, जैसा नोटबंदी किया।

# चिरायु योजना से काव्या और गुनीत को मिला नया जीवन



**महासमुंद।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित चिरायु योजना जिले के दो मासूम बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है। इस योजना के माध्यम से बागबाहरा विकासखंड के दो छोटे बच्चे काव्या यादव उम्र 2 वर्ष और गुनीत बघेल उम्र 4 वर्ष को जन्मजात हृदय रोग से मुक्ति मिली और उन्हें नया जीवन मिला। यह शहरी चिरायु टीम की सजगता और तत्परता का परिणाम रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में टीम लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे है। इसी क्रम में आंगनबाड़ी भ्रमण के दौरान चिकित्सक डॉ. सुजाता शुक्ला, डॉ. विकास चौहान और लैब तकनीशियन चंद्रकला साहू ने दोनों बच्चों की जांच की। परीक्षण के दौरान बच्चों में असामान्य श्वसन दर, अत्यधिक थकान और कमजोरी जैसे लक्षण पाए गए, जिससे हृदय रोग की आशंका हुई। चिरायु टीम ने बिना देरी किए दोनों बच्चों को उच्चस्तरीय जांच और उपचार के लिए रायपुर स्थित नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल रेफर किया। वहां कार्डियोलॉजी विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक जांचों के बाद सर्जरी की आवश्यकता बताई गई। नियत समय पर विशेषज्ञों की टीम द्वारा दोनों बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद कुछ दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखने के उपरांत अब दोनों बच्चे पूर्णतः स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बच्चों के स्वस्थ होने से उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने इस कठिन समय में शासन की चिरायु योजना और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कार्यकर्ताओं के दम पर 2028 में बनेगी कांग्रेस सरकार: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व बस्तर सांसद दीपक बैज के जिले के संगठनात्मक दौरे के दौरान पिथौरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जिले के विभिन्न ब्लॉकों में आयोजित बूथ कमेटी कार्यकर्ता बैठकों में शामिल होने जा रहे दीपक बैज का काफिला जैसे ही पिथौरा स्थित अंजली ओवरब्रिज पहुंचा, वहां पहले से मौजूद कांग्रेसजनों और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और गगनभेदी नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित समर्थकों के जोश को देखते हुए दीपक बैज ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह उत्साह आने वाले समय के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की ताकत के दम पर आगामी विधानसभा चुनाव 2028 में कांग्रेस पुनः सरकार बनाने में सफल होगी। उन्होंने तेज धूप में स्वागत के लिए उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय नंद, ठाकुर अनंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का भव्य स्वागत

**सरायपाली।** नगर आगमन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर का नगर के प्रवेश द्वार घंटेश्वरी मंदिर के पास सरायपाली नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद उपस्थित रहीं।

### शोभायात्रा में लोगों में बांटे फल और शरबत



**महासमुंद।** हिंदू नववर्ष आयोजन समिति द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का स्वागत शुक्रवार को गुलशन चौक में छग करण महंती समाज द्वारा किया गया। बता दें कि शोभायात्रा शारदा मंदिर तुमगांव रोड से ओवरब्रिज होकर मुख्य मार्ग से होते हुए दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक पहुंची। स्वागत के दौरान महांती समाजजनों ने श्रद्धालुगणों को फल एवं ठंडा शरबत तारिणी मंच और युवा मंच द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर सर्व श्री मनोहर महंती, किशोर महंती, प्रताप महंती, अध्यक्ष संजय महंती, प्रभात, पवित्र, प्रकाश, आशीष, राजेश, किशन, वैभव, निरंजन, राजा, महिला मंच से बिजली, शस्मि, इंदिरा, उमा, रंजिता, पुष्पा, मिली, वर्षा, रसना, सुमी, मान्यता की विशेष सहभागिता रही। अध्यक्ष संजय महंती एवं सचिव राजेश महंती ने सभी समाजजनों का आभार जताया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 4 साल के मोहम्मद अरहम बख्श ने रखे रमज़ान के रोज़े

**महासमुंद**। माहे रमज़ान के पाक और मुबारक महीने में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। मोहम्मद अरहम बख्श, जिन्होंने महज़ 4 साल की छोटी उम्र में रमज़ान के रोज़े रखकर सबको हैरान कर दिया। इतनी कम उम्र में रोज़ा रखते हुए अरहम ने न केवल अपनी धार्मिक आस्था का परिचय देते हुए देश-दुनिया की भलाई और अच्छी सेहत की दुआ की। साथ ही उन्होंने अपने प्यारे मुल्क हिंदुस्तान में अमन, शांति और भाईचारे के लिए भी दुआ की। मोहम्मद अरहम बख्श, अमीन बख्श के सुपुत्र हैं। परिवार और क्षेत्र के लोगों ने अरहम के इस जज़्बे की सराहना की है।

### काव्य गोष्ठी-याद करो कुर्बानी कल

**महासमुंद**। स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्राण अर्पण करने वाले अमर क्रांतिवीरों सुखदेव, भगत सिंह व राजगुरु के शहादत दिवस पर 23 मार्च को साहित्य समिति आस्था के संयोजन में काव्यगोष्ठी याद करो कुर्बानी का आयोजन किया गया है। यह आयोजन साहित्यकार एस चंद्रसेन के निवास जीवन सदन, त्रिमूर्ति कालोनी में अपरान्ह 3 बजे प्रारंभ होगा। इसमें वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक अध्यक्षता करेंगे। काव्यगोष्ठी में आमंत्रित रचनाकारों द्वारा देशप्रेम की कविताओं से अमर शहीदों को भावपुष्प अर्पण किये जायेंगे। समिति से इस अवसर पर काव्य प्रेमियों से उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया है।

### चेट्रीचंड्र जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद**। नगर में चेट्रीचंड्र जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सिंधी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू व बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में तुषार साहू ने सिंधी समाज के लोगों को चेट्रीचंड्र जयंती की शुभकामनाएं दीं और देश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।

# चंडी मंदिर में माता दर्शन के लिए पहुंच रहे दूर-दूर से हजारों भक्त, 1881 ज्योति प्रज्वलित

**बिरकोनी**। मां चंडी सिद्ध शक्तिपीठ बिरकोनी द्वारा आयोजित मनोकामना ज्योति प्रज्वलित सत्र 70 वां बसंती चैत्र नवरात्रि महोत्सव आस्था और भक्ति से चल रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले अनुष्ठानों और विविध कार्यक्रमों के बीच भक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा हैं। भक्तों ने चैत्र एकम शुक्ल गुरुवार को 1881 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कर माता रानी से मंगलकामनाएं मांगी है। श्रद्धा एवं आस्था का नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मां चंडी मंदिर दरबार में दूर दूर से हजारों श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे है। वर्षों से चली रही परम्परा के अनुसार मां चंडी के दरबार में जो भी आया उसके सारे कष्ट दूर हो गए, यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। इस विश्वास भाव के प्रतिफल ही कोने-कोने से श्रद्धालु यहां आते हैं और माता का दर्शन-पूजन कर अलौकिक सुख-शांति प्राप्त करते हैं। यहां माता दर्शन से ही सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। सुबह से ही श्रद्धालु उमड़ रहे है। शाम को और रात्रिकालीन भीड़ बढ़ती जाती है। हर रोज धर्मिक आयोजन से क्षेत्र के लोगो पर धर्मिक आस्था अलग ही दिखाई देती है। यहां प्रत्येक दिन दोपहर से रात्रिकालीन तक सेवा जसगीत, भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है, जिससे आस पास के लोग धर्मिक आस्था में अपना उत्सव बड़ा रहे है। मेले में लोग घूम





कर आनंद उठा रहे है। रोज प्रातः माता पूजा आरती श्रृंगार किया जा रहा है। संध्या महाआरती में दूर दूर से भक्त माता श्रृंगार चढ़ावा के लिए पहुंचते हैं। पंचमी से सप्तमी तक मंडलियों जस झांकी कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से प्रस्तुत किया जाएगा। 27 मार्च शुक्रवार को नवमीं हवन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस तिथि को माता श्रृंगार, सिद्धिदात्री पूजन, पूर्णाहुति, नौ कन्या पूजन, जवारा विसर्जन होगा।

पर्व : ईद उल फितर की विशेष नमाज़ अदा, मांगी गई अमन चैन की दुआ

# बागबाहरा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद जमात के द्वारा शनिवार ईदगाह भाटा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद.उल.फितर का त्यौहार। आज सुबह से छोटे बड़े बुज़ुर्ग नए.नए कपड़े पहनकर व इत्र लगाकर ईदगाह भाटा पहुंचे। जहां ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई। ईदुउल फितर ये दुनिया भर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है, इसे मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। ईद-उल-फितर का आयोजन इसीलिए किया जाता है। क्योंकि रमजान के पूरे महीने में अल्लाह की इबादत की जाती है और रोजा रखने का अवसर प्राप्त होता है। ईद की नमाज में अल्लाह का शुक्रिया व्यक्त किया जाता है। रोजा को पूरा करने की खुशी में अल्लाह ने अपने बंदों को ईद की खुशियों से नवाजा है। रोजा समाप्त करने की खुशी के साथ-साथ ईद पर मुसलमान इस बात के लिए भी अल्लाह का शुक्रिया करते हैं कि उन्होंने पूरे महीने रोजा रखने की साहस प्रदान किया।

बता दें कि सुन्नीहन्फी जामेअ मस्जिद के मौलाना ईरफानुलहक कादरी साहब ने ईद की नमाज़ पढ़ाई और मुल्क में अमन चैन व सुकून की दुआ की गई मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ के बाद क़ब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए अल्लाह पाक परवरदिगार से मगफिरत की दुआएं की और सभी मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे से गले



मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, हरीश पांडे, जुगराज बघेल, शंकर तांडी, गणेश शर्मा, मदन देवांगन, भूपेंद्र ठाकुर, दानवीर शर्मा, लखबीर छाबड़ा, देवनाथ साहू, ताम्रध्वज बघेल, रमेश ठाकुर, बंशी चंद्राकर, लोकेश उईके,कोमेश साहू ईदगाह भाठा पहुंचकर गले मिलकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी। बता दें मुस्लिम समुदाय रमज़ान-उल-मुबारक के एक माह के रोज़े मुकम्मल करने के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार मनाते हैं। यह त्यौहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है। दिनभर सेवइयों का दौर चलता रहता है। सभी अपने अपने सगे संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुफ्त उठाते हैं। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय अत्यंत गरीब बेसहारा लोगों की मदद करते हैं क्योंकि इस त्योहार में मुस्लिम समुदाय के द्वारा फितरा जकात निकाला जाता है। ताकि, कोई गरीब मायूस ना हो और सभी इस पैसे से अपने अपने बच्चों के साथ ईद की खुशियां मना सके।

तमाम महीनों का सरदार और पवित्र माह रमजान के समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। रमजान में मुस्लिम समुदाय अल्लाह की इबादत के रूप में रोजा रखता है। रमजान को रहमतों और बरकतों का महीना भी कहा जाता है। रमजान के बाद रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया जाता है। पाक महीने रमजान के बाद आने वाला यह त्यौहार ईद-उल-फितर अल्लाह ताला की ओर से रोजेदारों के लिए एक तोहफा होता है। भाईचारे का यह त्यौहार एक दूसरे को गले लगाकर नफ़रत को मिटाने का संदेश देता है। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है जो सभी को इंसानियत का पैगाम देता है। मुसलमान रमजान के एक माह रोजे रखने के बाद उन्हें ईद का ईनाम मिलता है। ईद लोगो में बेपनाह खुशियां बाटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है। गरीब से गरीब आदमी भी ईद को पूरे उत्साह से मनाता है। इस दिन अमीर और गरीब का अंतर मिट जाता है। खुदा के दरबार में सब एक है, अल्लाह की रहमत हर एक पर बरसती है और ईद के नमाज के बाद सब एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते है। वही दूसरी ओर रमजान और ईद में जकात और फितरा का विशेष महत्व है। क्योकि ईद से पहले जरूरतमंदो को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देना फर्ज जरूरी है। जिससे गरीब से गरीब भी खुशी के साथ ईद का त्यौहार मना सके ईद का पर्व इंसानियत भाईचारा का। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर हाजी अमजद मेमन, हाजी गनी चौहान, ख्वाजा मियां, हाजी आबीद क़ुरैशी, हाजी बशीर परमार, हाजी नियाजुदीन हाजी वारिश चौहान, मजीद खान, फिरोज मेमन, नसीम कुरैशी, सिकंदर सिद्दिकी, यूनुस कुरैशी, जियाउल हक, शेख आकिब अहमद (छोटे), रफीक मेमन, नियाज अली, इल्यास मेमन, इस्माइल मेमन, कलीम वारसी, इस्माइल रजवी, फारूख मेमन,मुश्ताक अली, अब्दुल कादीर जिलानी, फिरोज खान अधिवक्ता, शमशाद खान अधिवक्ता, साजिद खान, प्यारु खान, सज्जाद खान, शहजान पाशा, बड़ा खान, बाबू साहब खान, समीर खान, फिरोज खान, गुलाम गौस, नासिर खान, अय्यूब खान, अय्यूब कुरैशी, शमीम खान, शामिल खान, शेख मौला, गुलाम गौस, शेख जावेद, अमीर खान, सलीम खान, इमरान खान,आतिफ सिद्दिकी, अय्यूब मेमन, जावेद खान, अरमान खान, गुलाम हैदर रजवी, शाहरुख़ मेमन, सलमान मेमन, सोहेल मेमन, कौनैन रजा, शेख शाहबाज, सद्दाम हुसैन, शब्बीर परमार, आसिफ वारसी, नावेद चौहान, शेख हामिद, साहिल वारसी, बिलाल खान, जावेद खान, रज्जा खान, अब्दुल रज्जाक, इरफ़ान चौहान, हलीम खान, जावेद खान, जुनैद खान, नूरानी हक़, इमरान चौहान, शकील खान, शहबाज खान, जीशान खान, बशिर खान, शेख तौकिर, शेख अफजल, शमीम खान,जावेद खान, असद सैफ गोरी, अकमल रजा,मोहम्मद रजा, अफराज तंवर, इक़बाल खान, जैनुल सिद्दीकी, हारून खान, रफीक तंवर, लतीफ तंवर, अख्तर कुरैशी,जावेद कुरैशी, रिजवान परमार, इसहाक परमार उपस्थित थे।

# टीईटी की अनिवार्यता का विरोध, शिक्षकों का साझा मंच कर रहा बड़े आंदोलन की तैयारी

### छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि चार अप्रैल दिल्ली में होने वाले आंदोलन में जिले के पांचों ब्लॉक से सैकड़ों शिक्षक आंदोलन में शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने की। बैठक में उपस्थिति सभी ब्लाक अध्यक्षों को आगामी 31 मार्च तक संगठन का सदस्यता अभियान पूरा करने का लक्ष्य दिया गया। इस बार सदस्यता अभियान में जिले के सहायक शिक्षकों प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं व्याख्याता साथियों को भी संगठन की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। साथ ही बताया गया की इस बार डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए सदस्यता फॉर्म ऑनलाइन भी संधारित कराना है।

जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों की महती जवाबदारी हैं कि वे प्रत्येक स्कूलों में पहुंचकर शिक्षकों संगठन की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर शिक्षक संबंधी जो भी समस्या हो तत्परता से कार्य करने पर भी चर्चा हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन अपने साथियों के अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करता आ रहा है। आगामी समय भी शिक्षकों के अधिकार की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। आगे बैठक को प्रदेश महासचिव आदित्य गौरव साहू ने संबंधित करते हुए कहा कि फेडरेशन को रचनात्मक कार्य करने वाले नवाचारी शिक्षकों का मनोबल बढ़ाने के लिए विविध आयोजनों के माध्यमों से उनके मनोबल को मजबूत करने के लिए बेहतर प्रयास करना होगा। दिनेश नायक, बीपी मेश्राम, महेंद्र बघेल, बाबूलाल ध्रुव, प्रकाश बघेल बागबाहरा ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में पुरुषोत्तम चंद्राकर उपाध्यक्ष, विजय राजपूत महामंत्री, गोपाल साहू प्रवक्ता, भूपेंद्र दीवान संयुक्त सचिव आदि मौजूद रहे।

# नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के 2 अभ्यर्थियों का आबकारी आरक्षक के पद पर हुआ चयन

### विभिन्न पदों के लिए अब तक 138 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु नियमित रूप से संचालित है।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि आबकारी आरक्षक 2025 के फाइनल नतीजे घोषित हुए हैं, जिसमें नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के 02 अभ्यर्थियों का चयन आबकारी आरक्षक के पद पर हुआ है। इसमें अभ्यर्थी नीरज कुमार चंद्राकर, पीतांबर डड़सेना शामिल है। नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से अब तक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 138 है। यह शहर के लिए भी गौरव का विषय है। इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत, रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी नवकिरण अकादमी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, प्रमोद कुमार कन्नौजे सहायक जिला परियोजना अधिकारी, डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, रीतेश नायक, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू ने हर्ष जताया है।





**रायतुम में हर्षोउल्लास से मनाया गया हिंदू नववर्षः** महासमुंद। देशभर में हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम रायतुम में डीजे रैली निकाली गई। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और लोगों ने अपने घरों को सजाकर नए वर्ष का स्वागत किया।

# शक्तिपीठ परियोजना: आस्था का सम्मान, पर्यटन को नई पहचान: निधि

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ में धार्मिक आस्था और पर्यटन को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से संचालित शक्ति पीठ परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रमुख देवी स्थलों का भव्य विकास और कायाकल्प किया जा रहा है। इस पहल से जहां श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, वहीं प्रदेश का धार्मिक पर्यटन भी तेजी से उभर रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत मां दंतेश्वरी (दंतेवाड़ा), मां बम्लेश्वरी (डोंगरगढ़), मां चंद्रहासिनी (चंद्रपुर), मां महामाया (रतनपुर), मां सर्वमंगला (कोरबा) जैसे प्रमुख शक्तिपीठों का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। जनपद सदस्य निधि चंद्राकर ने कहा कि यह योजना न केवल हमारी आस्था का सम्मान है, बल्कि छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि शक्ति पीठों के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, छोटे व्यापारियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। निधि लोकेश चंद्राकर ने आगे कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे इस कार्य से श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा, जिससे प्रदेश में पर्यटन का दायरा लगातार बढ़ेगा।



सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में



जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर